|  | (d) |  | अन्य अंश |  |  |  |
|  | 2 |  | **रक्षित एवं अन्य निधियां** |  |  | 72203370.9 |
| 47822314.90 | (i) |  | रक्षित निधियां | 50731290.90 | 68019870.9 |  |
| 16338580.00 | (ii) |  | भवन निधियां | 17288580.00 |  |  |
|  | (iii) |  | अन्य निधियां |  | 4183500.00 |  |
| 312000.00 |  | (a) | मानक अस्तियों पर प्रावधान | 400000.00 |  |  |
| 1679500.00 |  | (b) | विनियोग ह्रास निधि आई. डी. आर. | 1679500.00 |  |  |
| 0.00 |  | (c) | इन्वेस्टमेंट डिप्रेशियेशन रिजर्व आई. एफ.आर. | 0.00 |  |  |
| 104000.00 |  | (d) | वेड एंण्ड डाउटफुल रिजर्व ए.पी.ए. | 104000.00 |  |  |
| 2000000.00 |  | (e) | आकस्किम देयतायों पर प्रावधान | 2000000.00 |  |  |
| 0.00 |  | (f) | अन्य रिजर्व / प्रावधान | 0.00 |  |  |
|  | 3 |  | **PRINCIPAL/SUBSIDIARY STATE** |  |  |  |
| 0.00 |  |  | **पार्टनरशिप अकाउंटस** |  | 0 | 0.00 |
|  | 4 |  | **अन्य बैंको में जमा राशि/ कुल डिपोजिट** |  |  | 227469478.66 |
| 8917979.94 | (i) | (A) | **बचत जमा खातें** |  | 13547301.23 |  |
|  |  | (a) | व्यक्तिगत बचत जमा खातें | 11210645.12 |  |  |
|  |  | (b) | सोसायटी के बचत जमा खातें | 2336656.11 |  |  |
| 26606588.50 |  | (B) | **चालू जमा खातें** |  | 27306561.43 |  |
|  |  | (a) | व्यक्तिगत चालू जमा खातें | 27073138.13 |  |  |
|  |  | (b) | सोसायटी के चालू जमा खातें | 233423.30 |  |  |
| 26889.00 |  | (C) | **आवर्ती जमा खातें** |  | 55476.00 |  |
|  |  | (a) | व्यक्तिगत आवर्ती जमा खातें | 55476.00 |  |  |
|  |  | (b) | सोसायटी के आवर्ती जमा खातें | 0.00 |  |  |
| 1000.00 |  | (D) | **दैनिक जमा खातें** |  | 1000.00 |  |
|  |  | (a) | व्यक्तिगत दैनिक जमा खातें | 1000.00 |  |  |
|  |  | (b) | सोसायटी के दैनिक जमा खातें | 0.00 |  |  |
| 2597361.00 | (ii) | (E) | **सावधी जमा खातें** |  | 3067196.00 |  |
|  |  | (a) | व्यक्तिगत सावधी जमा खातें | 1057196.00 |  |  |
|  |  | (b) | सोसायटी के सावधी जमा खातें | 0.00 |  |  |
|  |  | (c) | सीनियर सोसायटी सावधी जमा खातें | 0.00 |  |  |
|  |  | (d) | मासिक सावधी सावधी जमा खातें | 2010000.00 |  |  |

| दिनांक |  |  |  | PROPERTY AND ASSETS | राशि | राशि | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31.03.2023 |  |  |  | संपत्तियों एवं लेनदारियां |  |  | 31.03.2024 |
| 2370912.00 | 1 |  |  | हस्त रोकड / कैश |  | 2397395.00 | 2397395.00 |
|  | 2 |  |  | **अन्य बैंक के चालू खातों में जमा राशि** |  |  |  |
|  |  | (A) |  | **चालू खातों में जमा राशि** |  | 96346031.09 | 96346031.09 |
| 3188686.62 |  |  | (i) | भारतीय रिजर्व बैंक | 89138686.62 |  |  |
| 2012002.17 |  |  | (ii) | भोपाल का आपरेटिव बैंक | 59960.17 |  |  |
| 24795.03 |  |  | (iii) | एम.पी.आर.एस.बी. बैंक मुख्य शाखा मे | 24795.03 |  |  |
| 10000.00 |  |  | (iv) | एम.पी.आर.एस.बी. बैंक अपेक्स शाखा मे | 10000.00 |  |  |
| 472246.30 |  |  | (v) | आई. डी. बी. आई. बैंक टी टी नंगर | 13228.52 |  |  |
| 537188.12 |  |  | (vi) | यूनियन बैंक आफ इंडिया | 919188.12 |  |  |
| 8636461.88 |  |  | (vii) | येस बैंक लिमिटेड क्लीयरिंग खाता | 1647915.41 |  |  |
| 14591688.87 |  |  | (viii) | येस बैंक लिमिटेड आर.टी.जी.एस.खाता | 493388.89 |  |  |
| 2000000.00 |  |  | (ix) | येस बैंक लिमिटेड आई.एम.पी.एस.खाता | 2038868.33 |  |  |
| 0.00 |  |  | (x) | येस बैंक लिमिटेड ए.टी.एम.खाता | 2000000.00 |  |  |
| 17461.40 |  |  | (x) | एच. डी. एफ. सी. बैंक | 0.00 |  |  |
| 42721.26 |  |  | (x) | दि श्यामराव विठठल का आपरेटिव बैंक | 0.00 |  |  |
| 0.00 |  | (B) |  | **बचत खातों में जमा राशि** |  | 0.00 | 0.00 |
|  |  | (C) |  | **सावधी जमा खातों में जमा राशि** |  | 25322747.00 | 25322747.00 |
| 799191.00 |  |  | (i) | एम.पी.आर.एस.बी. बैंक मुख्य शाखा मे | 930417.00 |  |  |
| 0.00 |  |  | (ii) | भोपाल का आपरेटिव बैंक | 0.00 |  |  |
| 0.00 |  |  | (iii) | आई. डी. बी. आई. बैंक टी टी नंगर | 0.00 |  |  |
| 3000000.00 |  |  | (iv) | एयू स्माल फायनेंश बैंक | 6000000.00 |  |  |
| 4000000.00 |  |  | (v) | जना स्माल फायनेंश बैंक | 7000000.00 |  |  |
| 3047787.00 |  |  | (vi) | ईसाफ स्माल फायनेंश बैंक | 6292330.00 |  |  |
| 2500000.00 |  |  | (vii) | आई. डी. एफ. सी. स्माल फायनेंश बैंक | 0.00 |  |  |
| 0.00 |  |  | (viii) | फिनकेयर स्माल फायनेंश बैंक | 5100000.00 |  |  |
|  | 3 |  |  | **MONEY AT CALL AND SHORT** |  | 57323700.00 | 57323700.00 |
|  |  |  |  | **NOTICE INVESTMENTS :** |  |  |  |
| 49944850.00 | (i) |  |  | सरकारी प्रतिभूति में निवेश बुक वैल्यू | 47323600.00 |  |  |
| 5000000.00 | (ii) |  |  | अन्य निवेश / म्युचल फंड/ शेयर्स | 10000000.00 |  |  |
|  | (iii) |  |  | सहकारी बैंको में जमा अंश पूर्जी |  |  |  |
| 100.00 |  |  |  | सहकारी नियम पांच के तहत | 100.00 |  |  |
|  | (v) |  |  | अन्य निवेश |  |  |  |
| 0.00 |  | (a) |  | शोर्ट टर्म निवेश | 0.00 |  |  |
|  | 4 |  |  | **अन्य जगह निवेश** |  | 0.00 | 0.00 |
| 0.00 |  |  |  | **अन्य संस्था निवेश** | 0.00 |  |  |
|  | 5 |  |  | **ऋण एवं अग्रिम** |  |  | 125650891.28 |
|  |  | (i) |  | ऋण एवं अग्रिम अल्पकालीन ऋण |  | 31103500.69 |  |
| 18548310.00 |  |  |  | सावधी जमा राशि के विरूद्व ऋण | 4579306.73 |  |  |
| 9639641.30 |  |  |  | ओवरड्राफट ऋण संप्पती के विरूद्व ऋण | 15498383.88 |  |  |
| 850290.42 |  |  |  | एल.आई.सी. के विरूद्व सी.सी. ऋण | 4744340.92 |  |  |
| 4067072.50 |  |  |  | मोर्टगेज सी. सी. ऋण | 6281469.16 |  |  |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 96543803.00 | (F) | डबल सावधी जमा खातें | | 183491944.00 | |
| | (a) | व्यक्तिगत डबल सावधी जमा खातें | 178826422.00 | | |
| | (b) | सोसायटी डबल के सावधी जमा खातें | 147562.00 | | |
| | (c) | सीनियर सोसायटी डबल सावधी जमा खातें | 4517960.00 | | |
| 0.00 | (G) | परिपक्व सावधी जमा खातें | | 0.00 | |
| | (a) | व्यक्तिगत डबल सावधी जमा खातें | 0.00 | | |
| | (b) | सोसायटी डबल के सावधी जमा खातें | 0.00 | | |
| | (c) | सीनियर सोसायटी डबल सावधी जमा खातें | 0.00 | | |
| | 5 | मनी काल / शोर्ट टर्म डिपोजिट | | 0.00 | |
| | (a) | अन्य सोसायटीयों से जमा राशि | 0.00 | | |
| | 6 | अन्य बैकों से उधार / ऋण | | 0.00 | |
| | (a) | भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋण | 0.00 | | |
| | (b) | अन्य बैंक से प्राप्त ऋण | 0.00 | | |
| 0.00 | 7 | वसूली योग्य बिल | | 0.00 | |
| | (a) | जावक बिल संग्रह कान्टा इन्टी | 0.00 | | |
| | (b) | बैंक गारटी इश्यू कान्टा इन्टी | 0.00 | | |
| 0.00 | 8 | शाखा समायोजन की इन्टी | 0.00 | 0.00 | |
| | 9 | अतिदेय ब्याज ओवर डयू रिजर्व | 0.00 | 0.00 | |
| 64343.02 | 10 | अमानतों पर देय ब्याज की राशि | | 65187.02 | 65187.02 |
| | (a) | सावधी जमा राशि पर देय ब्याज | 62903.02 | | |
| | (b) | आवर्ती जमा राशि पर देय ब्याज | 2284.00 | | |
| 370091.15 | 11 | अन्य दायित्वों की इन्टी | | 811908.39 | 811908.39 |
| | (a) | अकेंक्षण शुल्क की देय राशि | 57500.00 | | |
| | (b) | बैंक द्वारा पेय आर्डर इश्यू | 387194.99 | | |
| | (c) | ठी डी एस. पेयवल | 357470.00 | | |
| | (d) | एस.जी.एस.टी. पेयवल | 4783.95 | | |
| | (e) | सी.जी.एस.टी. पेयवल | 4783.95 | | |
| | (f) | आई.जी.एस.टी. पेयवल | 175.50 | | |
| | 12 | बैंक लाभ हानि | | | |
| 3858596.00 | (a) | बैंक का शुद्व लाभ | 2724774.75 | 2724774.75 | 2724774.75 |
| | 13 | बैंक में जमा बैंलेश इन कॅडिड खातें में | | 0.00 | 0.00 |
| | (a) | लोन खातों में केडिड बैलेश | 0.00 | | |
| | (a) | बैंक गारटी इश्यू कान्टा इन्टी | 0.00 | | |
| **4293030.17** | | कुल राशि | | | **3601870.16** |
| | | बैंक की आफ बैलेश शीट की इन्टीयां | | | |
| 4102086.63 | 1 | भारतीय रिजर्व बैंक के डीफ अकांउट में जमा राशि | | 4017395.41 | 4017395.41 |

For **Sri Satya Sai Nagrik Sahakari Bank Mydt., Bhopal**

Chairperson Director Director Chief Executive Incharge Auditor

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ii) | ऋण एवं अग्रिम मध्यकालीन | | 2974237.00 | |
| 180123.57 | | कन्जूमर डयूरेवल ऋण | 218637.00 | | |
| 1053251.00 | | पर्सनल ऋण | 1441838.00 | | |
| 0.00 | | प्रोफेशनल एंण्ड सेल्फ इम्पलाईड ऋण | 351526.00 | | |
| 4295164.00 | | व्यवसाय के लिये ऋण | 962236.00 | | |
| | (iii) | ऋण एवं अग्रिम दीर्घकालीन ऋण | | 91573153.59 | |
| 29942127.52 | | भवन / ग्रंह ऋण | 34671726.52 | | |
| 7877934.07 | | वाहन ऋण | 25384216.07 | | |
| 33702868.00 | | मोर्टगेज टर्म ऋण | 31517211.00 | | |
| | 6 | प्राप्ति योग्य ब्याज राशि | | 1909466.00 | 1909466.00 |
| 1013792.00 | (i) | प्राप्ति योग्य ब्याज राशि अमानतों पर | 1909466.00 | | |
| 0.00 | (ii) | प्राप्ति योग्य ब्याज राशि लोन पर | 0.00 | | |
| | 7 | वसूली योग्य बिल संग्रह कान्टा | | | |
| 0.00 | (i) | आउटवर्ड विल कलेक्शन | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 0.00 | 8 | शाखा समायोजन | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | 9 | फर्नीचर एंड फिक्चर | | 229333.14 | 229333.14 |
| 62853.99 | (i) | फर्नीचर एवं फिक्चर | 221938.88 | | |
| 8699.13 | (ii) | ऐअर कडीशन | 7394.26 | | |
| 0.00 | (iii) | कम्प्युटर एडं हार्डवेयर | 0.00 | | |
| | 10 | अन्य लेनदारियां | | 1338156.21 | 1338156.21 |
| 6279.43 | (i) | एडंवाश इन टेलिफोन | 6279.43 | | |
| 20841.00 | (ii) | एडंवाश इन बिजली विभाग | 20841.00 | | |
| 1600.00 | (iii) | एडंवाश इन गैंस कनेक्शन | 1600.00 | | |
| 7016.00 | (iv) | एडंवाश इन पुस्तकालय | 7016.00 | | |
| 37188.00 | (v) | स्टैशनरी एंड स्टैंप | 144008.00 | | |
| 5618.00 | (vi) | उंचंत खाता / सस्पैंश खाता | 0.00 | | |
| 12890.00 | (vii) | अधेसिव स्टेप खाता | 20005.00 | | |
| 5608.31 | (viii) | जी.एस.टी. पेड | 8507.45 | | |
| 46503.46 | (ix) | एस.जी.एस.टी. पेड | 6525.93 | | |
| 46503.58 | (x) | सी.जी.एस.टी. पेड | 6531.57 | | |
| 119379.58 | (xi) | आई.जी.एस.टी. पेड | 116841.83 | | |
| 0.00 | (xii) | अग्रिम आयकर जमा राशि | 1000000.00 | | |
| 0.00 | 11 | नांन – बैंगिक एसेट | | 0.00 | 0.00 |
| | 12 | अन्य दायित्व / आकस्मिक देयतायें | | 0.00 | 0.00 |
| 0.00 | (i) | अन्य दायित्व | 0.00 | | |
| | (ii) | बैंक गारंटी इश्यू | 0.00 | | |
| 0.00 | 13 | – हानि की राशि | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **111551554.86** | | कुल योग | | | **129127846.63** |
| | | आफ बैंलेश शीट आईटम | | | |
| 4044131.82 | | भारतीय रिजर्व बैंक डीफ अकाउंट में जमा राशि | | 4017395.41 | 4017395.41 |

For **Sri Satya Sai Nagrik Sahakari Bank Mydt., Bhopal**

Chairperson Director Director Chief Executive Incharge Auditor

## श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

### लाभ – हानि पत्रक 01.04.2023 से 31.03.2024

भारतीय रिजर्व बैंक के सेक्शन 29 बैंकिग रेगुलेशन एक्ट 1949 के नियमानुसार

| दिनांक 31.03.2023 | | विवरण व्यय की मदें | नामें राशि | जमा राशि | दिनांक 31.03.2024 | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5272045.00 | | सावधी जमा पर भुगतान ब्याज | | | | 8665518.00 |
| | 5272045.00 | सावधी जमा पर ब्याज का भुगतान | 8665518.00 | 0.00 | 8665518.00 | |
| | | वेतन एवं भत्तें | | | | |
| 1827803.00 | 1827803.00 | बैंक अधिकारियों का वेतन | 2566274.00 | 1194.00 | 2565080.00 | 2565080.00 |
| | 0.00 | बैंक संचालकों का वेतन एवं भत्ता | 0.00 | 0.00 | | |
| 3468954.34 | | बैंक के मुख्य व्यय | | | | 2674073.76 |
| | 762000.00 | बैंक भवन का किराया | 838200.00 | 0.00 | 838200.00 | |
| | 197487.50 | बैंक संप्पती का बीमा | 273277.98 | 21510.00 | 251767.98 | |
| | 115281.65 | बैंक बिजली व्यय की राशि | 126217.00 | 0.00 | 126217.00 | |
| | 1927824.00 | आयकर के व्यय की राशि | 560000.00 | 0.00 | 560000.00 | |
| | 18270.00 | कानूनी व्यय | 74542.00 | 30000.00 | 44542.00 | |
| | 126210.00 | अंकेक्षण शुल्क | 94540.00 | 0.00 | 94540.00 | |
| | 29054.53 | ह्रास संप्पती पर/ अवक्षयण व्यय | 73152.22 | 0.00 | 73152.22 | |
| | 292826.66 | एडमिनिस्टेटिव व्यय | 589957.00 | 5000.00 | 584957.00 | |
| | 0.00 | ए.जी.एम. व्यय | 100697.56 | 0.00 | 100697.56 | |
| 539322.52 | | बैंक के अन्य व्यय | | | | 1201449.65 |
| | 72177.80 | टेलिफोन एण्ड टंककाल | 92018.59 | 0.00 | 92018.59 | |
| | 30646.00 | डाक एवं तार व्यय | 25130.00 | 0.00 | 25130.00 | |
| | 86094.00 | प्रिटिंग एवं मुद्रण व्यय | 135253.72 | 0.00 | 135253.72 | |
| | 18000.00 | विज्ञापन व्यय | 390850.00 | 10000.00 | 380850.00 | |
| | 53190.00 | सुंरक्षा व्यय | 60970.00 | 0.00 | 60970.00 | |
| | 15550.00 | पानी पर व्यय | 23262.00 | 0.00 | 23262.00 | |
| | 45725.00 | किराया पर व्यय | 67005.00 | 0.00 | 67005.00 | |
| | 29860.84 | बैंक चार्जेस पर व्यय | 23649.40 | 0.00 | 23649.40 | |
| | 2800.00 | अखवार पर व्यय | 4910.00 | 0.00 | 4910.00 | |
| | 35937.88 | सुधार एवं मरम्मत पर व्यय | 12504.49 | 0.00 | 12504.49 | |
| | 149341.00 | विविघ व्यय / मिसलेनियस व्यय | 254646.45 | 0.00 | 254646.45 | |
| | 0.00 | सरकारी प्रतिभूति पर लॉस | 121250.00 | 0.00 | 121250.00 | |
| | | निधियां एवं प्रावधान | | | | |
| 595500.00 | 595500.00 | प्रोविजन | 138000.00 | | 138000.00 | 138000.00 |
| | 0.00 | भवन निधि | 0.00 | | | |
| | | लाभ – हानि खाता | | | | |
| 3858596.00 | 3858596.00 | वर्ष 2022–23 पर लाभ | | | | |
| | | वर्ष 2023–24 पर लाभ | 2724774.75 | 0.00 | 2724774.75 | 2724774.75 |
| **15562220.86** | **15562220.86** | कुल योग | **18036600.16** | **67704.00** | **17968896.16** | **17968896.16** |

For **Sri Satya Sai Nagrik Sahakari Bank Mydt., BHOPAL**

Chairperson Director Director Chief Executive Auditor Incharge

## श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

### लाभ – हानि पत्रक 01.04.2023 से 31.03.2024

भारतीय रिजर्व बैंक के सेक्शन 29 बैंकिग रेगुलेशन एक्ट 1949 के नियमानुसार

| दिनांक 31.03.2023 | | विवरण आय की मदें | जमा राशि | नामें राशि | दिनांक 31.03.2024 | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15184056.28 | | अर्जित ब्याज की राशि | | | | 17565255.08 |
| | 10681271.00 | अर्जित ब्याज राशि ऋण एवं अग्रिम खातों पर | 10803600.00 | 0.00 | 10803600.00 | |
| | 980635.28 | अर्जित ब्याज राशि बैंक इन्वेस्टमेंट पर | 4330422.08 | 1013792.00 | 3316630.08 | |
| | 3522150.00 | अर्जित ब्याज राशि सरकारी प्रतिभूतियों पर | 3445025.00 | 0.00 | 3445025.00 | |
| 14227.14 | | कमीशन/ एक्सचेंज / बोकेज | | | | 424.88 |
| | 14227.14 | एक्सचेंज एंड कमीशन | 424.88 | 0.00 | 424.88 | |
| 0.00 | 0.00 | Subsidies and Donations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 363937.44 | | अन्य आय / नान बैंकिग | | | | 403216.20 |
| | 287457.92 | जनरल आय | 369683.44 | 0.00 | 369683.44 | |
| | 19479.52 | मिनिमम बैलेश चार्जेस | 11750.00 | 0.00 | 11750.00 | |
| | 57000.00 | मिसलेनियस चार्जेस | 21782.76 | 0.00 | 21782.76 | |
| **15562220.86** | **15562220.86** | कुल योग | **18982688.16** | **1013792.00** | **17968896.16** | **17968896.16** |

For **Sri Satya Sai Nagrik Sahakari Bank Mydt., BHOPAL**

Chairperson Director Director Chief Executive Auditor Incharge

## श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

### अंकेक्षक प्रमाण पत्र

हम चावला किशोर एण्ड कंपनी अंकेक्षक निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्रमाणित करता हूँ कि मैने श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल (पंजीयन कमांक सं.पं./06/99 दिनांक 06/01/99) का वर्ष 2023–24 का अंकेक्षण पंजीयक, सहकारी सोसायटीज, मध्यप्रदेश द्वारा निर्धारित निर्देशित प्रणाली से एवं भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशानुसार पूर्ण किया गया है।

बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत सही व नियमानुसार होकर बैंक द्वारा सुरक्षित रखा गया है।

हमने श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल का दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 को समाप्त होने वाले लेखा वर्ष का स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ–हानि पत्रक का परीक्षण संबंधित लेखाओं से किया।

हम यह प्रमाणित करते हैं कि :–

हमारे मतानुसार बैंक का व्यवहार साधारणतः सही व ईमानदारी से बैंक के उपनियमों, सहकारी विधान की प्रचलित धाराओं, उसके अंतर्गत बनाए गये नियम, पंजीयक द्वारा समय–समय पर प्रसारित परिपत्रों एवं बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट 1949 की धाराएं ;जोकि सहकारी बैंकों के लिये लागू होती हैद्व के अनुसार हैं, व पाई गई त्रुटियों का उल्लेख अंकेक्षण टीप में है।

बैंक का स्थिति विवरण पत्रक पूर्ण रूप से स्पष्ट है। इसमें सभी आवश्यक जानकारियॉं जो कि बैंक के व्यवहार और स्थिति को दर्शाती है, का समावेश भी किया गया है। मुझे जो जानकारी बैंक स्थिति के संबंध में बतलाई गई तथा जो जानकारी बैंक के लेखा खातों में दर्शाई गई है वह सब इसमें परिलक्षित होती है।

हमें अंकेक्षण के दौरान किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण की जब भी आवश्यकता पड़ी समय–समय पर बैंक से प्राप्त हुई तथा मेरे संतोष के अनुसार हैं।

बैंक के व्यवहार जो भी मेरी जानकारी में आए सभी बैंक की कार्य सीमा में किये गये हैं। बैंक का लाभ हानि पत्रक प्रस्तुत टीप के अधीन पाये गये आक्षेपों के तारतम्य में सही विवरण प्रस्तुत करता है।

हमारे मतानुसार बैंक के स्थिति विवरण पत्रक व लाभ–हानि पत्रक प्रस्तुत टीप में नियमानुसार बनाए गए हैं तथा हिसाब व खाते नियमों, उपनियमों की आवश्यकतानुसार रखे गये हैं। ऐसे सभी रखे गये रजिस्टर व खाते बहियों, जिनके आधार पर पत्रक तैयार किये गये हैं, की सूची बैंक में उपलब्ध है।

अतः मैं बैंक को पंजीयक, सहकारी सोसायटीज, मध्य प्रदेश द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई अंकेक्षण वर्गीकरण कसौटी पत्र के मानदण्ड के आधार पर मूल्यांकन करके वर्ष 2023–24 के अंकेक्षण में बैंक को 'अ' वर्ग में वर्गीकृत करता हूँ।

सनदी लेखापाल

स्थान : भोपाल

दिनांक : 26 जून 2024

मेसर्स चावला किशोर एण्ड कंपनी

# सशक्त आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की नींव है स्वस्थ नागरिक : मुख्यमंत्री

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तृत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तृत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से बनती है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके। इसी उद्देश्य से राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे ये केंद्र जिला अस्पतालों के समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वस्थ नागरिकों से ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और हर क्षेत्र में लोग पूरी ऊर्जा से समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें।

### चिकित्सा शिक्षा का विस्तार और मैनपॉवर की बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के "स्वस्थ भारत सशक्त भारत" के दृष्टिकोण के तहत चिकित्सा शिक्षा का भी तेजी से विस्तार कर रही है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 17 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है। हाल ही में सिवनी, नीमच और मंदसौर में नए मेडिकल कॉलेजों का संचालन शुरू हुआ है और 8 अन्य मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत 12 और मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बनाई है, जिससे प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञता को बढावा मिलेगा।

### 30 हज़ार से अधिक चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (IPHS) के मानकों के अनुरूप राज्य में शीघ्र ही 30 हजार से अधिक चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की भर्ती की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में और सुधार होगा।

### आधुनिक तकनीक और सेवाओं का समावेश

मध्यप्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में MRI, CT स्कैन, और PET CT जैसी आधुनिक उपकरणों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 42 प्रकार की एंटी - कैंसर दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। राज्य के सभी जिला और सिविल अस्पतालों में अब 132 प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 80 प्रकार की जांच की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में 324 हब और 1,610 स्पोक स्थापित किए गए हैं, जहाँ प्रतिदिन 35 हजार से अधिक जांचें जिला स्तर पर और 32 हजार से अधिक जांचें हब और स्पोक पर हो रही हैं। इसी तरह सभी जिला अस्पतालों में अब डायलिसिस, CT स्कैन और डिजिटल एक्स-रे की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश का एमवाय ( महाराजा यशवंतराव ) अस्पताल इन्दौर देश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए उन्नत सीएआर-टी थेरेपी शुरू की गई है। यह सुविधा राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने और उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### मुफ्त दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के शासकीय अस्पतालों में मुफ्त दवाओं की उपलब्धता में भी बड़ी वृद्धि की गई है। जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 प्रकार की दवाएँ, सिविल अस्पतालों में 448, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 373 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 299 प्रकार की दवाएँ मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

मध्यप्रदेश सरकार मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठा रही है। राज्य में विशेष नवजात देखभाल इकाइयाँ (SNCU) और बाल गहन चिकित्सा इकाइयाँ ( PICU ) स्थापित की गई हैं, ताकि माताओं और नवजात शिशुओं को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्राप्त हो सके। हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की समय पर पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही सुरक्षित प्रसव के लिए बर्थ वेटिंग रूम का संचालन और किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को आयरन फॉलिक एसिड सप्लीमेंट की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### आयुष्मान भारत योजना से मिला स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना ने मध्यप्रदेश के नागरिकों को एक मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र प्रदान किया है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी योजना के तहत लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस योजना के तहत मध्यप्रदेश में अब तक 22 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं और आयुष्मान कार्ड जारी करने में प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है । इस योजना के तहत राज्य में 1,048 स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संस्थान सूचीबद्ध हैं, जिनमें 493 सार्वजनिक अस्पताल और 555 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा 1,952 प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पैकेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, उच्च जोखिम गर्भावस्था, किडनी की बीमारियाँ और अन्य महंगे उपचार शामिल हैं । यह चिकित्सा सेवा क्षेत्र की क्रांतिकारी योजना है, जिसके माध्यम से आज गरीब वंचित लोग उत्कृष्ट उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधारों और विकासात्मक पहलों का एक नया अध्याय लिखा है। विकसित भारत के विजन में नागरिकों के स्वास्थ्य को आवश्यक माना गया है। पहली बार देश में यह हुआ है कि विकास को मनुष्य के स्वास्थ्य से जोड़ा गया है । "विकसित भारत" के विजन को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर जो कदम उठाए हैं, वे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बना रहे हैं, बल्कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर रहे हैं। पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा आपातकाल में जीवन रक्षक प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और आपातकाल में बहुमूल्य जीवन के संरक्षण हेतु हर नागरिक तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की है। सड़कों और औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदाओं, हृदय संबंधी समस्याओं और अन्य गंभीर बीमारियों की स्थिति में यह सेवा जीवनरक्षक साबित हो रही है। एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा संस्थानों तक पहुँचाया जा रहा है। राज्य के भीतर और बाहर सड़क, औद्योगिक दुर्घटनाओं या प्राकृतिक आपदाओं में पीड़ितों और आयुष्मान कार्डधारकों को निःशुल्क परिवहन की सेवा प्राप्त होगी।

### मेडिकल डिवाइस पार्क चिकित्सा क्षेत्र में मध्यप्रदेश को बनायेगा आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में स्थापित हो रहा देश का सबसे बड़ा मेडिकल डिवाइस पार्क मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। इस पार्क के माध्यम से न केवल अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन होगा बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक कुशल और सुलभ बनाया जा सकेगा। इससे प्रदेश में चिकित्सा उपकरणों की निर्भरता कम होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में भी कमी आएगी। यह मेडिकल डिवाइस पार्क मध्यप्रदेश को एक मेडिकल हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जहां चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन, शोध, और नवाचार के अवसर बढ़ेंगे। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुदृढ़ किया जा सकेगा, जो इसे चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के 69वें स्थापना दिवस पर जलाए दीप और देखी आतिशबाजी

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर रोशनपुरा चौराहे पर दीप प्रज्ज्वलित कर आतिशबाजी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर दक्षिण-पश्चिम भोपाल के विधायक श्री भगवान दास सबनानी और अनेक नागरिक उपस्थित थे। रोशनपुरा चौराहे पर मिष्ठान वितरण कर प्रदेश की स्थापना दिवस को उल्लास और आनंद के साथ मनाया गया।

# बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित जियागाँव में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



सहकारी प्रशिक्षण केंद्र, इंदौर द्वारा दिनाँक 30/10/2024 को बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित जियागाँव, तहसील खातेगांव जिला (देवास) में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समिति प्रबंधक श्री हरिओम पवार, सेल्समैन श्री बृजमोहन वर्मा, एवं समस्त सम्माननीय सदस्य एवं कृषक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा प्रशिक्षक प्रदीप कुमार रैकवार द्वारा सहकारिता की पृष्ठभूमि के बारे में बताया गया, सहकारिता सिद्धांत समझाए गए एवं सहकारिता की नई नीतियों से अवगत कराया गया। सहकारी समिति के बहुउद्देशीय बनने के लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर समिति प्रबंधक द्वारा संस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया एवं आभार व्यक्त किया गया।

## 71वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2024 (14 से 20 नवम्बर 2024)

**Main theme: Role of Cooperatives in building "Viksit Bharat"**

**मुख्य विषय: "विकसित भारत" के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका**

| | | |
|---|---|---|
| 14-11-2024 | सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों से सहकारिता आंदोलन का सुदृढ़ीकरण। | Strengthening Cooperation Movement through New Initiatives of Ministry of Cooperation. |
| 15-11-2024 | सहकारिता में नवाचार, टेक्नोलोजी एवं सुशासन। | Innovation, Technology and Good Governance in Cooperative. |
| 16-11-2024 | उद्यमिता, रोजगार और कौशल विकास में सहकारिताओं की भूमिका। | The Role of Cooperatives in Fostering Entrepreneurship, Employment, and Skill Development.. |
| 17-11-2024 | सहकारी उद्यमों का रूपांतरण। | Transforming Cooperative Enterprises. |
| 18-11-2024 | सहकारिताओं के बीच सहकार की भावना का सुदृढ़ीकरण। | Strengthening Cooperation Among Cooperatives |
| 19-11-2024 | महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों के लिए सहकारिता। | Cooperatives for Women, Youth, and Weaker Sections, |
| 20-11-2024 | सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिता की भूमिका एवं एक बेहतर विश्व का निर्माण। | Role of Cooperatives in Achieving SDGs and way forward for Better World |

# सिविल सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का अनुसमर्थन

**254 नए उर्वरक विक्रय केंद्रो की स्थापना की स्वीकृति**

**नवीन मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों की भर्ती की आयु सीमा की गई 50 वर्ष**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा ( महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 में मुख्यमंत्री के आदेश दिनांक 13.09.2023 एवं इसके परिपालन में विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 3 अक्टूबर, 2023 का अनुसमर्थन किया गया। इस निर्णय से महिला आरक्षण 35 प्रतिशत होगा।

254 नए उर्वरक विक्रय केंद्रो की स्थापना की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2024-25 में (खरीफ एवं रबी सीजन में) 254 नए उर्वरक विक्रय केन्द्र स्थापित करने पर मानव संसाधन पर होने वाली संभावित व्यय की वास्तविक राशि अधिकतम 1 करोड़ 72 लाख रूपये की सीमा तक की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।

**660 मेगावॉट क्षमता की नवीन अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना के लिए फिजिबिलिटी स्टडी**

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 2 (410) मेगावाट) एवं विद्युत गृह क्रमांक 3 (420 मेगावाट) में स्थापित इकाइयों को रिटायर (डी - कमीशन) किये जाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 2 में स्थित इकाई क्रमांक 6 एवं 7 ( 200 + 210 मेगावॉट) एवं विद्युत गृह क्रमांक 3 में स्थित इकाई क्रमांक 8 एवं 9 (2 x 210 मेगावॉट) द्वारा रूपांकित आयु पूर्ण कर ली गई हैं। ये इकाइयों लगभग 39 से 44 वर्षों से संचालन में हैं। इन इकाइयों की स्थिति एवं प्रदर्शन के दृष्टिगत म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा इन इकाइयों को रिटायर (डी- कमीशन) किये जाने की चाही गई अनुमति मंत्रि-परिषद ने प्रदान की है।

निर्णय अनुसार सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 2 एवं 3 में स्थित इकाई क्रमांक 6 से 9 (कुल क्षमता 830 मेगावॉट) को 30 सितम्बर, 2024 से रिटायर (डी - कमीशन) किये जाने की अनुमति प्रदान की गई। रिटायर (डी–कमीशन) इकाइयों का डिस्पोजल ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जायेगा। इन इकाईयों के स्थान पर 660 मेगावॉट क्षमता की नवीन अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई ( इकाई क्रमांक 13 ) की स्थापना के लिए म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी करायी जायेगी।

**आयु-सीमा में वृद्धि का निर्णय**

मंत्रि-परिषद द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**सह चिकित्सीय पाठ्क्रमों की मान्यता**

म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 को निरस्त करने की कार्यवाही को लंबित रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं आगामी सत्रों की मान्यता प्रक्रिया, साथ ही सह - चिकित्सीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर्मियों के पंजीयन एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का आयोजन पूर्व में प्रचलित म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 अंतर्गत् प्रचलित नियमों के अनुसार, पूर्व में विघटित मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद को पुनर्जीवित करते हुए, पूर्ण किये जाने तथा राष्ट्रीय आयोग द्वारा अधिनियम अंतर्गत प्रावधानित विनियम (रेगुलेशन) जारी होने के उपरांत विनियम के अनुरूप मध्यप्रदेश अलाइड एण्ड हेल्थ केयर कौंसिल द्वारा स्वशासी बोर्ड्स के गठन होने पर पुनर्जीवित मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद स्वतः समाप्त हो जायेगी एवं मंत्रि-परिषद् के पूर्व में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम 2000 को निरस्त करने की कार्यवाही की जाने की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा दी गई। अन्य निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय द्वारा लागू की गई केन्द्र प्रवर्तित परियोजना "Strength-ening of Cooperatives through IT Interventions" अंतर्गत प्रदेश के पंजीयक सहकारी संस्थाएँ कार्यालय के कम्प्यूटराईजेशन के लिए परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी। इस पर 3 करोड़ 68 लाख रूपये व्यय आयेगा, जिसकी 60 प्रतिशत राशि केन्द्र एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा वहन की जायेगी।

# तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण सम्पन्न




जबलपुर। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केन्द्र नई दिल्ली एंव मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर के सयुंक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण दिनांक 7 से 9 नवंबर 2024 तक मुर्गीपालन सहकारी समिति समनापुर कुरेली डिण्डौरी के सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त सहकारी संस्था डिण्डौरी की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक गणेश प्रसाद मांझी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी मुद्रणालय परिमित, भोपाल से मुद्रित एवं ई-8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : गणेश प्रसाद मांझी डॉक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/357/2021-23 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2926159, 2926160, इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।